# द्विवेदी की कविता संग्रह का हुआ लोकार्पण

## जनार्दन द्विवेदी की पुस्तकों ने छुआ मानवीयता का स्वर

**नई दिल्ली, 13 जुलाई.राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठतम नेता व दिल्ली विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक रहे जनार्दन द्विवेदी की दो पुस्तकों 'निराला काव्य का अभिव्यंजना शिल्प' एवं 'जो शेष रहा' (कविता संग्रह) का लोकार्पण और परिचर्चा का आयोजन किया गया.**

'निराला काव्य का अभिव्यंजना शिल्प' पुस्तक द्विवेदी का लघु शोध प्रबंध है जो लगभग 52 वर्ष पहले प्रकाशित हुआ था. यह दूसरा संस्करण है.'जो शेष रहा' में पिछले 44 वर्षों के दौरान लिखी गई कविताएं शामिल हैं. दोनों पुस्तकों को आधार प्रकाशन ने प्रकाशित किया है. कार्यक्रम में उपस्थित प्रो. वंदना झा ने द्विवेदी के कविता संग्रह 'जो शेष रहा' पर



अपने उद्बोधन में कहा कि यह कविता संग्रह मानवीयता का उद्घोष प्रस्तुत करता है.

एक कवि के रूप में जनार्दन द्विवेदी जी ने अपनी कविता के जरिए समाज में जागरूकता लाने की पहल की है. उनकी कविता में वह मार्मिकता एवं सहजता है जो पाठक वर्ग तक पहुंचने में सक्षम है. कवि जनार्दन द्विवेदी ने अपनी कविताओं के आधार पर मनुष्य को जागरूक करने का बीड़ा उठाया है. आने वाले समय में उनका यह कविता संग्रह समाज और मनुष्य में नई ऊर्जा का संचार करेगा. प्रो. उपाध्याय ने कहा कि संग्रह की कविताओं ने मनुष्य और मानवीयता की दिशा तो देखा ही है साथ ही उसे एक दिशा भी देने का प्रयास किया है. मनुष्य की परिवर्तनशीलता पर कवि की पैनी नजर है. प्रो. दिविक रमेश ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई.

> उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि समय के अनुसार बढ़ती व्यस्तता ने मनुष्य को मनुष्य से अलग कर दिया है. प्रो. संतोष भदौरिया ने कहा कि द्विवेदी ने सुंदर शब्दों एवं अपनी सूक्ष्मदर्शी दृष्टि से निराला की कविताओं में विद्यमान अभिव्यंजना शिल्प को नए ढंग से दर्शाया है.इसी क्रम में प्रो. अनिल राय ने अपने वक्तव्य में निराला के काव्य से जुड़ी द्विवेदी की दृष्टि की प्रशंसा की. कार्यक्रम के संयोजक-संचालक भाषा एवं शिक्षा विभाग के आचार्य लालचन्द राम थे. विशिष्ट वक्ता के रूप में प्रो. संतोष भदौरिया , प्रो अनिल राय, प्रो. दिविक रमेश, प्रो. वंदना झा ,आचार्य करुणाशंकर उपाध्याय एवं अन्य विश्वविद्यालयों से आए प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद से जुड़े विभिन्न सहकर्मियों ने शिरकत की.

# कांवड़ यात्रा में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

- 10,000 महिला पुलिसकर्मी, 150 हेल्प डेस्क तैनात
- मेरठ जोन में सबसे ज्यादा तैनाती
- ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी

**लखनऊ 13 जुलाई.उत्तर प्रदेश सरकार ने श्रावण मास के दौरान शिव भक्तों की पवित्र तीर्थयात्रा, कांवड़ यात्रा के लिए व्यापक व्यवस्था की है और महिलाओं की सुरक्षा को अपनी योजना का केंद्रबिंदु बनाया है.**

अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पहली बार यात्रा मार्ग पर 8,541 हेड कांस्टेबल और 1,486 सब-इंस्पेक्टर सहित 10,000 से ज़्यादा महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है, जो कुल बल का लगभग 15 प्रतिशत है.आपात स्थिति में तत्काल सहायता सुनिश्चित करने के लिए महिला पुलिसकर्मियों को त्वरित प्रतिक्रिया टीमों का अनिवार्य हिस्सा बनाया गया है.



### 6 करोड़ श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद

हाल ही में एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक में, अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस यात्रा में लगभग 6 करोड़ श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है, जिनमें अनुमानित 60-70 लाख महिलाए शामिल हैं. इसके जवाब में मुख्यमंत्री योगी ने महिला-केंद्रित सुरक्षा मॉडल लागू करने का निर्देश दिया .इस मॉडल के तहत, संवेदनशील परिस्थितियों में श्रद्धालुओं की सहायता और परामर्श के लिए सभी महिला हेल्प डेस्क पर महिला कांस्टेबल तैनात की गई हैं. इसके अतिरिक्त, महिला तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए कई जिलों में महिला स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से शक्ति सहायता केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं.

# जयशंकर पहुंचे सिंगापुर दौरे पर

**सिंगापुर विदेश मंत्री से मुलाकात, निवेश पर चर्चा**

**नई दिल्ली, 13 जुलाई. विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आज को सिंगापुर दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने अपने समकक्ष विदेश मंत्री विवियन बाला से मुलाकात की.**

इस मुलाकात के बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सिंगापुर हमारी 'एक्ट ईस्ट नीति' के केंद्र में है. यहां विचारों का आदान-प्रदान हमेशा उपयोगी होता है. सुबह सिंगापुर में



विदेश मंत्री विवियन बाला से मिलना शानदार रहा.

अपनी यात्रा के दौरान जयशंकर ने टेमासेक होल्डिंग्स के चेयरमैन-डिजिग्नेट टियो ची हीन से भी मुलाकात की. उन्होंने भारत में हो रहे परिवर्तन और निवेश के अवसरों पर विस्तार से चर्चा की. जयशंकर ने एक्स पर लिखा, आज टेमासेक होल्डिंग्स के चेयरमैन-डिज़ग्नेट टियो ची हीन से मिलकर खुशी हुई.

## चिराग को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**समस्तीपुर.** केन्द्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को जान से मारने की धमकी देने वाले युवक को पुलिस ने बेगूसराय से गिरफ्तार कर लिया है.समस्तीपुर के पुलिस उपाधीक्षक दुर्गेश दीपक ने आज बताया कि 11 जुलाई को पासवान को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी दी गई थी.



# बुलेट की जगह दौड़ेगी वंदे भारत

## जापानी महंगी, चलेगा स्वदेशी तेज रफ्तार ट्रेन, 250 की रफ्तार से ट्रायल जल्द

**अहमदाबाद,13 जुलाई. देश की पहली महत्वाकांक्षी अहमदाबाद-मुंबई हाई स्पीड कॉरिडोर, जिसे बुलेट ट्रेन परियोजना के नाम से जाना जाता है, पर अब जापानी बुलेट ट्रेन के बजाय स्वदेशी तकनीक से निर्मित सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेनें चलाई जाएंगी.**

यह भारतीय रेलवे की पहली वंदे भारत ट्रेन होगी जो 250 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से



दौड़ेगी. पहले इस कॉरिडोर पर 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बुलेट ट्रेन चलाने का दावा किया गया था. रेलवे मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड कॉरिडोर के सूरत-बलिमोरा सेक्शन का कार्य अंतिम चरण में है और इस साल के अंत तक वंदे भारत का ट्रायल रन शुरू कर दिया जाएगा. इसके बाद 2027 तक आम जनता आठ-आठ कोच वाली दो वंदे भारत ट्रेनों में सफर कर सकेगी. इन ट्रेनों की अधिकतम गति 280 किलोमीटर प्रति घंटा है, लेकिन वे 250 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी.

## पंजाब सीमा पर पिस्तौल के पुर्जे व हेरोइन बरामद

**जालंधर.** पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान सीमा सुरक्षा बल ने राज्य पुलिस के साथ मिलकर दो अलग-अलग घटनाओं में सीमा पर पिस्तौल के पुर्जे और हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया. बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि रात तरनतारन जिले के डल गाँव में एक संदिग्ध पैकेट की मौजूदगी की बीएसएफ खुफिया शाखा की सूचना पर कार्रवाई करते हुए, बीएसएफ के जवानों ने पंजाब पुलिस के साथ मिलकर एक व्यापक तलाशी अभियान चलाया. जिसके परिणामस्वरूप तांबे के तार के लूप और पीले रंग के चिपकने वाले टेप में लिपटे पिस्तौल के पुर्जे और एक मैगज़ीन बरामद हुई, जिसमें तीन रोशन करने वाली छड़ें लगी हुई थीं.

# धामी को मिला ईमानदारी सम्मान

**भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड के प्रयासों पर हुए सम्मानित**

**भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड की शपथ भी दिलाई**

> मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में छद्म वेशधारियों की मूल पहचान उजागर करने के लिए ऑपरेशन कालनेमि चलाया जा रहा है. अब तक 200 से अधिक संदिग्धों को पकड़ा गया है, जिनमें कुछ बांग्लादेशी घुसपैठिए भी शामिल हैं. उन्होंने जनता से अपील की कि ऐसे तत्वों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें.मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'ना खाऊँगा, ना खाने दूँगा' के मंत्र को अपनाते हुए राज्य सरकार पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी शासन व्यवस्था के निर्माण के लिए संकल्पबद्ध है.



**देहरादून, 13 जुलाई . उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का रविवार को बल्लीवाला, देहरादून में 'भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड' के लिए किए जा रहे प्रयासों पर लगभग एक सौ धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं ने सम्मानित किया.**

उन्होंने इस अवसर पर सभी को भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड की शपथ भी दिलाई.मुख्यमंत्री ने प्रदेश को भ्रष्टाचार से मुक्त बनाने की दिशा में उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी और जनता के समर्थन को इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत बताया. उन्होंने कहा कि यह अभिनंदन समारोह केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि उत्तराखंड को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के सपने को साकार करने का उत्सव है. यह सम्मान उत्तराखंड की सवा करोड़ जनता का है, जो ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के मूल्यों के साथ राज्य के विकास की दिशा में अग्रसर है. उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई व्यक्तिगत विजय नहीं, बल्कि यह जनता के विश्वास, ईमानदारी की ताकत और युवाओं की उम्मीदों की जीत है. राज्य सरकार ने 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के तहत पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए तकनीक का व्यापक उपयोग किया है.

## आज का इतिहास

- 1789 फ्रांसीसी क्रांति की शुरुआत.
- 1850 मशीन द्वारा जमाई गई बर्फ का पहला सार्वजनिक प्रदर्शन.
- 1927 हवाई द्वीप में विमान की पहली व्यावसायिक उड़ान शुरू.
- 1972 तत्कालीन सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया.
- 1975 प्रसिद्ध हिंदी फिल्म संगीतकार मदन मोहन का निधन.
- 1987 ताइवान में 37 वर्षों के बाद मार्शल कानून समाप्त.
- 1991 इराक़ से ब्रितानी फ़ौज की वापसी.
- 2014 इंग्लैंड के चर्च ने महिलाओं को भी बिशप बनाने के पक्ष में वोट किया.
- 2015 नासा का न्यू होराइजन प्लूटो पर जाने वाला पहला अंतरिक्ष यान बना.

# कश्मीर में कई नेता हुए नज़रबंद

**श्रीनगर, 13 जुलाई. जम्मू-कश्मीर में सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस समेत कई नेताओं को रविवार को नजरबंद कर दिया गया.ये लोग वर्ष1931 में तत्काकलीन शासन के खिलाफ हुए एक विरोध प्रदर्शन में मारे गए 22 लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए वहां जाना चाहते थे.**

प्रशासन ने नौहट्टा क्षेत्र में बने कब्रिस्तान मज़ार-ए-शोहदा की ओर जाने वाले सभी रास्तों को सील कर दिया और कई संवेदनशील इलाकों में पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र बलों की भारी टुकड़ियां तैनात कर दीं.श्रीनगर जिला प्रशासन ने कल शाम राजनीतिक दलों को वहां जाने की अनुमति देने से मना करते हुए आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रतिबंधों की निंदा करते हुए इसे पूरी तरह से अलोकतांत्रिक बताया.



**1931 के शहीदों को श्रद्धांजलि देने से पहले रोका गया**

**नेता मज़ार-ए-शोहदा जाने से रोके, नौहट्टा क्षेत्र की घेराबंदी की गई**

अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अलोकतांत्रिक कदम उठाते हुए लोगों को घरों में बंद कर दिया गया है. जिससे कि लोग ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण कब्रिस्तान में नहीं जा सकें. यहां उनकी कब्रें हैं जिन्होंने कश्मीरियों को आवाज़ देने और उन्हें मजबूत बनाने के लिए जान दे दी. उन्होंने कहा कि वह नहीं जानते कि पुलिस आखिर किस बात से इतना डरती है.वह पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और विधायक तनवीर सादिक की एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे.सादिक ने कहा था कि नेताओं को उनके घरों में नजरबंद कर दिया गया है.

# 2030 तक मिलेगा एक करोड़ युवाओं को रोजगार : नीतीश

**पटना, 13 जुलाइ. बिहार सरकार वर्ष 2025 से 2030 के बीच राज्य में युवाओं के लिए एक करोड़ सरकारी नौकरियों और रोजगार का सृजन करेगी जो सरकार के मौजूदा लक्ष्य 50 लाख से दोगुनी है.**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि उनकी सरकार के दौरान 2005 से 2020 के बीच राज्य में 8 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी मिली थी. वर्ष 2020 में सुशासन कार्यक्रम के सात निश्चयों के दूसरे निश्चय में लक्ष्य तय किया गया कि 2025 तक 10 लाख सरकारी नौकरियों के साथ 10 लाख रोजगार का सृजन किया जाएगा.



उन्होने बखा कि बबाद में इस संकल्प को बढ़ाया और अगस्त 2025 तक 12 लाख नौकरियों के साथ 38 लाख रोजगार का लक्ष्य तय किया.

कुमार ने कहा कि हमने अभी तक 10 लाख सरकारी नौकरियों और 39 लाख रोजगार का लक्ष्य हासिल कर लिया है.

## छींटे के विवाद पर युवक की कुल्हाड़ी से हत्या

**जौनपुर, 13 जुलाई.** उत्तरप्रदेश के जौनपुर जिले में खुटहन थाना क्षेत्र के तिघरा मोड़ के पास शनिवार की देर रात पानी का छीटा पड़ जाने के कारण हुए मामूली विवाद ने इतना तूल पकड़ा कि युवक की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी. पुलिस ने नामजद तीनों आरोपियों को कुल्हाड़ी सहित गिरफ्तार कर लिया है.पुलिस के अनुसार जिले में खुटहन थाना क्षेत्र के शेखपुर सुतौली गांव निवासी जय नाथ का 35 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार अपने छोटे भाई के साथ शनिवार की रात लगभग 8 बजे डीजल लेने के लिए अपनी मोटरसाइकिल से खुटहन बाजार जा रहा था. उसी समय गौसपुर गांव के पास सड़क के किनारे खड़े रहे तीन लोग के ऊपर मोटरसाइकिल से पानी का छीटा पड़ गया.

# राधिका हत्याकांड में आया नया मोड़

**करीबी दोस्त ने लव जिहाद दावों को नकारा**

**हिमांशिका ने वीडियो में सच बताया, माता-पिता पर रूढ़िवादी का आरोप**

**गुरुग्राम,13 जुलाई. की 25 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की उसके पिता द्वारा कथित हत्या के बाद, उसकी सबसे करीबी दोस्त हिमांशिका सिंह राजपूत ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं.**

हिमांशिका ने सोशल मीडिया पर लव जिहाद के दावों को सिरे से खारिज करते हुए राधिका के माता-पिता पर अत्यधिक रूढ़िवादी होने और घर में घुटन भरा माहौल बनाने का आरोप लगाया है.राधिका की हत्या के दो दिन बाद, उसकी दस साल पुरानी



दोस्त हिमांशिका ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो जारी कर अपनी चुप्पी तोड़ी. राधिका यादव की सच्चाई नामक इस वीडियो में हिमांशिका ने दावा किया कि राधिका के माता-पिता बेहद रूढ़िवादी थे और उस पर कड़ी पाबंदियां लगाते थे. उसे घर में घुटन महसूस होती थी और उसे किसी से भी बात करने पर अपने माता-पिता को बताना पड़ता था.

> हिमांशिका ने राधिका को एक मासूम और दयालु इंसान के रूप में याद किया. उसने बताया, हम 2012-13 से साथ में टेनिस खेलते थे, कई टूर्नामेंट में साथ गए. मैंने उसे कभी किसी और से बात करते नहीं देखा.राधिका यादव की हत्या की वजहों को लेकर कई तरह की अटकलें लग रही हैं. कुछ मीडिया रिपोर्टों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं द्वारा लव जिहाद के दावे किए गए.

## एक नजर में



### 70 हजार छात्रों को रोबोटिक्स की ट्रेनिंग मिलेगी

**तिरुवनंतपुरम.** केरल में सरकारी उद्यम केरल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड टेक्नोलॉजी फॉर एजुकेशन के लिटिल काइट्स आईटी क्लब के नए बैच के लिए चयनित 70 हजार से अधिक छात्रों रोबोटिक्स सहित एनीमेशन, प्रोग्रामिंग, मोबाइल ऐप विकास, और साइबर सुरक्षा जैसे आईटी क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा .काइट के सीईओ के. अनवर सादात ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि करीब 1.8 लाख छात्रों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 70,827 छात्रों को लिटिल काइट्स सदस्य चुना गया है. इनमें 36,105 लड़के और 34,722 लड़कियां हैं. परीक्षा का परिणाम लिटिल काइट्स पोर्टल पर संबंधित स्कूल के लॉगिन में जाकर देखा जा सकता है .उन?होंने कहा कि जो छात्र लिटिल काइट्स के सदस्य नहीं हैं, उन्हें भी रोबोटिक्स से संबंधित गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा. इसके लिए सरकारी स्कूलों में 29,000 रोबोटिक किट पहले ही वितरित की जा चुकी हैं.

### दो वाहनों के टकराने पर चार लोगों की मौत

**कोटा.** कोटा जिले में इटावा क्षेत्र के बूढ़ादीत थाना क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर चंबल के पास रविवार तड़के दो वाहनों के टकराने से एक ही परिवार के तीन लोगों सहित चार व्यक्तियों की मौत हो गई जबकि नौ लोग घायल हो गए .बूढ़ादीत थाना अधिकारी रघुनाथ सिंह ने बताया कि करौली के रहने वाले ये लोग मध्यप्रदेश के इंदौर में गोद भराई की रस्म के बाद करौली लौट रहे थे. तभी बूढ़ादित के पास आठ लेन एक्सप्रेसवे पर अज्ञात वाहन उनके टेंपो ट्रेक्स से टकरा गया .हादसे में करौली के सुरेश सोनी और अनिल और उनकी मां की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बृजेश को देईखेड़ा अस्पताल में भर्ती कराया गया . बाद में कोटा भेज दिया गया लेकिन उसने रास्ते में दम तोड़ दिया.

### गंगा कटाव से रिंग बांध संकट में

**बेगूसराय.** बेगूसराय के तेघड़ा प्रखंड में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने और पिछले कई दिनों से हो रहे कटाव के कारण मधुरापुर बोल्डर घाट रिंग बांध पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है. अयोध्या से मधुरापुर तक लगभग तीन किलोमीटर लंबे गंगा घाट पर तेज गति से कटाव जारी है, जिसके चलते करीब 50 बीघा जमीन गंगा में समाहित हो चुकी है. हालांकि, अभी तक बचाव कार्य शुरू न होने से स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है.पूर्व वार्ड पार्षद ने यह भी बताया कि बोल्डर घाट के निर्माण से मधुरापुर दक्षिण टोला और बिचला टोला को कटाव से बचाया गया था.

**कृषि क्रांति** | **शिवराज ने टैगिंग रोकने के दिए सख्त निर्देश, नैनो टैगिंग को बताया अवैध**

# शिवराज ने की नैनो उर्वरक की जबरन बिक्री बंद

- नकली उर्वरक पर सख्ती के आदेश

**नई दिल्ली, 13 जुलाई. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी राज्य सरकारों को तत्काल प्रभाव से यूरिया और डीएपी जैसे पारंपरिक उर्वरकों के साथ नैनो-उर्वरक या बायोस्टिमुलेंट की जबरन टैगिंग रोकने का निर्देश दिया है.**

उन्होंने मुख्यमंत्रियों को लिखे एक पत्र में शिकायतें मिलने का जिक्र किया, जिनमें खुदरा



विक्रेता किसानों को सब्सिडी वाले पारंपरिक उर्वरक तब तक नहीं बेच रहे हैं जब तक वे नैनो-उर्वरक या बायोस्टिमुलेंट की खरीद नहीं करते.चौहान ने अपने पत्र में स्पष्ट रूप से लिखा है, पारंपरिक उर्वरक बैग के साथ अन्य उत्पादों को टैग करके किसानों को जबरन खरीदने के लिए मजबूर करना अवैध है. उन्होंने राज्यों से आग्रह किया है कि नैनो-उर्वरकों और बायोस्टिमुलेंट की पारंपरिक उर्वरकों के साथ जबरन टैगिंग को तुरंत रोका जाए. उन्होंने कहा, ऐसे मामलों में, कानून के अनुसार दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए.चौहान ने मुख्यमंत्रियों से नकली और घटिया उर्वरकों की बिक्री के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करने को कहा.

> उन्होंने जोर दिया कि कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, और किसानों की आय में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उन्हें सही समय पर, सस्ती दरों पर और मानक गुणवत्ता वाले उर्वरक उपलब्ध कराना आवश्यक है .उन्होंने बताया कि नकली या घटिया उर्वरकों की बिक्री उर्वरक आदेश 1985 के तहत निषिद्ध है, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अंतर्गत आता है. उन्होंने कहा कि राज्यों की जिम्मेदारी है कि वे आवश्यकतानुसार सही स्थानों पर पर्याप्त उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करें.

## नदी में बहे ट्रैक्टर चालक का अब तक सुराग नहीं

**सवाई माधोपुर, 13 जुलाई** राजस्थान में सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा थाना क्षेत्र में शनिवार को गलवा नदी की रपट पार करते समय पानी के तेज बहाव में ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित बह गए चालक का अब तक पता नहीं लग पाया है.पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि रिंकेश मीणा जगमोदा ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर शेरसिंहपुरा से जगमोदा की तरफ जाने के लिये नदी पार कर रहा था कि रपट पर पानी अधिक होने के कारण उसका संतुलन बिगड़ गया. जिससे वह ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित नदी में तेज बहाव में बह गया . पुलिस ने बताया कि मौके पर अंधेरा होने से रात को ढूंढने में काफी परेशानी आई.